# GRADE 9

## हिंदी

## School Level Examination (SLE) 2025

**SUBJECT CODE** | 6 | 0 | 1 |

**Total Questions: 50** **Total Marks: 50** **Time: 1 Hour**

### जब तक निर्देश न दिया जाए, इस पुस्तिका को न खोलें।

- **O.M.R. उत्तर-पत्रक** पर अपना **नाम**, **कक्षा**, **रोल नंबर** और अन्य आवश्यक विवरण सावधानीपूर्वक भरें।
- **केवल HB पेंसिल** का उपयोग करके O.M.R. उत्तर-पत्रक भरें।
- सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं और प्रत्येक प्रश्न **एक अंक** का है।
- **केवल O.M.R. उत्तर-पत्रक** का मूल्यांकन किया जाएगा।
- गलत उत्तरों के लिए कोई **नकारात्मक अंक नहीं** है।
- प्रश्न-पत्र के **अंतिम पृष्ठ** का उपयोग **रफ़ कार्य** के लिए किया जा सकता है।
- कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच या मोबाइल फ़ोन जैसे **डिजिटल उपकरणों** की **अनुमति नहीं** है।
- परीक्षा समाप्त होने के बाद, **O.M.R. उत्तर-पत्रक** और **प्रश्न-पत्र** दोनों पर्यवेक्षक के यहाँ जमा करें।

**निर्देश :** इस प्रश्न पत्र में कुल 50 प्रश्न हैं, जिन्हें दो खंडों–'क' तथा 'ख' में विभाजित किया गया है। सभी प्रश्न 1 अंक के हैं।

## खंड (क) : कौशल आधारित प्रश्न

**I. *एकल चयन बहुविकल्पीय प्रश्न*** *(1-Key answer)*

**निर्देश :** इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।

**1. पश्चिमी हिंदी उपभाषा के अंतर्गत कौन-सी बोली शामिल नहीं है?**

(A) खड़ी बोली (B) कन्नौजी
(C) जयपुरी (D) बुंदेली

**2. इनमें से कौन हिंदी भाषा की शैली है?**

(A) हिंदी (B) हिंदुस्तानी
(C) उर्दू (D) उपर्युक्त सभी

**3. इनमें से वर्त्स्य व्यंजन है–**

(A) ग् (B) र्
(C) फ़् (D) थ्

**4. 'शृगाल' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद है–**

(A) क्ष् + ऋ + ग् + आ + ल् + अ (B) ष् + ऋ + ग् + आ + ल् + अ
(C) श् + ऋ + ग् + आ + ल् + अ (D) श् + रि + ग् + आ + ल् + अ

**5. कौन-सा उदाहरण गुण संधि का है?**

(A) धर्म + आत्मा = धर्मात्मा (B) शुभ + इच्छा = शुभेच्छा
(C) वित्त + एषणा = वित्तैषणा (D) पौ + अक = पावक

**6. 'बच्चा शेर से डर गया।' इस वाक्य के रेखांकित अंश में कारक है–**

(A) अपादान कारक (B) कर्म कारक
(C) करण कारक (D) संप्रदान कारक

**7. शब्दों के वर्गीकरण के प्रमुख आधारों में शामिल नहीं है–**

(A) रचना के आधार पर (B) अर्थ के आधार पर
(C) प्रयोग के आधार पर (D) पद के आधार पर

**8. किस शब्द की रचना रूप साधक प्रत्यय लगाकर नहीं हुई है?**

(A) लड़कपन (B) लड़को
(C) लड़कों (D) लड़के

**9. इनमें से कौन-सा संकर शब्द है?**

(A) शतरंज (B) रिश्वत
(C) रेलगाड़ी (D) टेलीफ़ोन

**10. किस शब्द का पर्याय सही नहीं है?**

(A) कल्पवृक्ष-असुरतरु
(B) पत्थर-पाहन
(C) बाल-कुंतल
(D) विष्णु-रमापति

**11. 'आकर-आकार' शब्द-युग्म के लिए कौन-सा विकल्प समानार्थी है?**

(A) खान-आकृति
(B) आकृति-खान
(C) आहार-विहार
(D) विहार-आहार

**12. कौन-सा शब्द तत्सम उपसर्ग से बना है?**

(A) ग़ैरकानूनी
(B) कपूत
(C) चौमासा
(D) परिकल्पना

**13. 'लिंग' इनमें से किसकी व्याकरणिक कोटि है?**

(A) क्रियाविशेषण
(B) संज्ञा
(C) विशेषण
(D) सर्वनाम

**14. कौन-सा शब्द सदैव एकवचन में प्रयुक्त होता है?**

(A) दर्शन
(B) जनता
(C) आँसू
(D) प्राण

**15. इनमें से कौन-सा भाववाचक संज्ञा शब्द विशेषण से बना है?**

(A) घबराहट
(B) सेवा
(C) गांभीर्य
(D) अहंकार

**16. इनमें से संबंध कारक का कारकीय-चिह्न है–**

(A) के लिए/को
(B) में/पर
(C) से/के द्वारा
(D) रा/रे/री

**17. किस वाक्य में व्यक्तिवाचक संज्ञा का प्रयोग जातिवाचक संज्ञा के रूप में नहीं हुआ है?**

(A) कलियुग में हरिश्चंद्र कम ही दिखते हैं।
(B) जयचंदों पर कड़ी नज़र रखनी चाहिए।
(C) भगत सिंह जैसा देशभक्त मिलना मुश्किल है।
(D) मेरा मित्र तो एकलव्य है।

**18. किस वाक्य में सर्वनाम का प्रयोग हुआ है?**

(A) वह सामान लेते जाओ।
(B) यह साइकिल लेकर चलो।
(C) बाहर कोई आदमी खड़ा है।
(D) कौन है, सामने आओ।

**19. किस वाक्य में संख्यावाचक विशेषण का प्रयोग हुआ है?**

(A) वह दस किलो आटा लाया।
(B) भगोने में काफ़ी दूध है।
(C) कुछ विद्यार्थी पिकनिक पर गए हैं।
(D) इतना खाना कौन खाएगा।

**20. 'नदी का बहाव बहुत तेज़ था।' इस वाक्य में प्रविशेषण है–**

(A) नदी
(B) बहाव
(C) बहुत
(D) तेज़

**21. कौन-सा विशेषण पद क्रिया पद से बना है?**

(A) अगला
(B) कमाऊ
(C) गतिमान
(D) भीतरी

**22. किस वाक्य में संयुक्त क्रिया का प्रयोग नहीं हुआ है?**

(A) वह सुनता है।
(B) हवा चल रही है।
(C) माँ ने खाना बना लिया।
(D) मैं ई-मेल लिख चुकी।

**23. संदिग्ध भूत काल का उदाहरण है–**

(A) हमने यह फ़िल्म देखी है।
(B) नौकर ने कपड़े नहीं धोए।
(C) यदि तुम पढ़ते, तो पास हो जाते।
(D) प्रवेश ने खाना खाया होगा।

**24. संज्ञा से बनी कौन-सी नामिक क्रिया सही है?**

(A) गप–गपशप
(B) लालच–लालची
(C) हाथ–हथियाना
(D) शरम–शरमीला

**25. इनमें से कौन-सा विकल्प भविष्यत काल का भेद नहीं है?**

(A) आसन्न भविष्यत
(B) संभाव्य भविष्यत
(C) सामान्य भविष्यत
(D) हेतु–हेतुमद् भविष्यत

**26. 'अब <u>थोड़ा</u> पढ़ भी लो।' वाक्य का रेखांकित पद है–**

(A) स्थानवाची क्रियाविशेषण
(B) कारणवाची क्रियाविशेषण
(C) रीतिवाची क्रियाविशेषण
(D) परिमाणवाची क्रियाविशेषण

**27. 'नौ दिन चले अढ़ाई कोस' लोकोक्ति का सही अर्थ है–**

(A) नौ दिन चलकर ढाई मील पूरे करना
(B) कम चलकर ज़्यादा दूर पहुँचना
(C) नवरात्रि के दिन ढाई कोस चलना
(D) किसी काम में बहुत धीमी प्रगति होना

**28. वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द शुद्ध है?**

(A) श्रृंगार
(B) घनिष्ट
(C) स्रिष्टी
(D) सनसर्ग

**29. '<u>सबसे तेज़ दौड़ने वाला घोड़ा</u> रेस में जीत गया।' वाक्य का रेखांकित पदबंध है–**

(A) विशेषण पदबंध
(B) क्रियाविशेषण पदबंध
(C) संज्ञा पदबंध
(D) क्रिया पदबंध

**30. 'अहा! कितना मधुर गीत है।' अर्थ की दृष्टि से वाक्य का भेद है–**

(A) इच्छावाचक वाक्य
(B) निषेधवाचक वाक्य
(C) विधानवाचक वाक्य
(D) विस्मयादिबोधक वाक्य

**II.** ***बहुचयन बहुविकल्पीय प्रश्न*** *(2-Key answer)*

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल दो विकल्प सही हैं। विद्यार्थी को <u>दो</u> सही विकल्पों का चयन करना है।**

**31. कौन-से दो वाक्य कर्मवाच्य के हैं?**

(A) आयुष फ़िल्म देखता है।
(B) माँ के द्वारा खाना बनाया जाता है।
(C) बच्चे के द्वारा किताब पढ़ी गई।
(D) बच्चे से नहीं सोया जा रहा।

**32. किन दो पुल्लिंग शब्दों में 'इन' प्रत्यय जोड़कर स्त्रीलिंग शब्द बनाए जा सकते हैं?**

(A) श्रीमान
(B) नाई
(C) मोची
(D) कुम्हार

**33. किन दो वाक्यों में विशेषण उपवाक्य का प्रयोग हुआ है?**

(A) पिता जी यह जानकर खुश हुए कि मुझे नौकरी मिल गई।
(B) मेरे पास एक खिलौना है जो बिजली से चलता है।
(C) ट्रेन ऐसे दौड़ रही थी जैसे हवाई जहाज़ हो।
(D) वह लड़का पकड़ा गया जिसने झूठ बोला था।

**34. आदिकाल के दो कवि कौन-से हैं?**

(A) चंदबरदाई
(B) केशवदास
(C) घनानंद
(D) विद्यापति

**35. इनमें से कौन-सी दो रचनाएँ जैनेंद्र कुमार द्वारा लिखित हैं?**

(A) सुनीता
(B) सूखा पत्ता
(C) त्यागपत्र
(D) विदा की रात

**36. निर्गुण धारा के कवियों को किन दो वर्गों में बाँटा गया है?**

(A) ज्ञानमार्गी
(B) प्रेममार्गी
(C) सगुण मार्गी
(D) साकार मार्गी

**37. इनमें से कौन-से उदाहरण सकर्मक क्रिया के हैं?**

(A) बच्चा हँस रहा है।
(B) राहुल ने फल खाया।
(C) रवीश ने पुस्तकालय से पुस्तक लेकर पढ़ी।
(D) पवन डर गया।

**38. इनमें से कौन-से दो अविकारी पद हैं?**

(A) संबंधबोधक पद
(B) क्रियाविशेषण पद
(C) संज्ञा पद
(D) सर्वनाम पद

**39. कौन-से दो शब्द 'ईला' प्रत्यय से बने हैं?**

(A) ज़िला
(B) बर्फ़ीला
(C) महिला
(D) ज़हरीला

**40. कौन-से दो वाक्य मिश्र वाक्य हैं?**

(A) वह पुस्तक खो गई जो आपने दी थी।
(B) पिता जी दफ़्तर गए हैं।
(C) मुझे अभी भूख नहीं है।
(D) प्रधानाचार्य ने कहा है कि विद्यालय दो दिन तक बंद रहेगा।

**41. किन दो वाक्यों के रेखांकित अंश संज्ञा पदबंध हैं?**

(A) <u>दौड़ती हुई</u> लड़की पता नहीं कब गिर पड़ी।
(B) मीरा <u>हिंदी की अध्यापिका</u> है।
(C) <u>बहुत बोलने वाले तुम</u> आज चुप क्यों हो?
(D) <u>छोटे बच्चे और अध्यापक</u> पिकनिक पर जा रहे हैं।

**42. इनमें से किन दो भाषाओं को देवनागरी लिपि में लिखा जाता है?**

(A) मराठी
(B) संस्कृत
(C) रोमन
(D) पंजाबी

## खंड ( ख ) : उच्च चिंतन कौशल एवं दक्षता आधारित प्रश्न

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

**43. सोच-समझकर सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**गुण संधि : सुरेश :: वृद्धि संधि : मतैक्य :: यण संधि : ??**

(A) नाविक
(B) परमार्थ
(C) अध्येता
(D) यथेष्ट

**44. दी गई श्रृंखला के लिए उचित शब्द चुनिए–**

**वृत्ति : पेशा : कार्य :: वर्ण : जाति : ??**

(A) वाणी
(B) सृष्टि
(C) अक्षर
(D) प्रवृत्ति

**45. इनमें से असंगत शब्द-समूह कौन-सा है?**

(A) पुलिस, कक्षा, सेना
(B) तेल, कानपुर, मृत्यु
(C) ऐरावत, दिल्ली, गंगा
(D) अच्छाई, बुढ़ापा, लंबाई

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 46, 47 तथा 48 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

ग्लोबल-वॉर्मिंग की समस्या आज सारे संसार के लिए एक चुनौती के रूप में सामने आई है। ग्लोबल-वॉर्मिंग के कारण आज पृथ्वी के तापमान में निरंतर वृद्धि हो रही है। ग्लोबल वॉर्मिंग के कारणों पर यदि विचार करें तो इसके मूल कारण हैं–मनुष्य की अवांछित आवश्यकताएँ और स्वार्थ से भरी उसकी मनोवृत्ति। इन दोनों को पूरा करने की होड़ में मनुष्य ने ऐसे-ऐसे कार्य किए हैं, जिनके कारण पर्यावरण को भयंकर क्षति पहुँच रही है। फिर चाहे महानगरों में गगनचुंबी इमारतें हों, कल-कारखानों की स्थापना हो, वृक्षों की अंधाधुंध कटाई हो, जाल बुनती हुई सड़कों का निर्माण हो सब मिलकर एक ओर वातावरण को प्रदूषित कर रहे हैं तो दूसरी ओर ग्लोबल-वॉर्मिंग की वृद्धि में योगदान कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप पर्यावरण को गंभीर नुकसान हुआ है। पेड़-पौधों और हरियाली की कमी से ऑक्सीजन और वर्षा की मात्रा में कमी आई है। ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण एक ओर हमारे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है तो दूसरी ओर धरती के सुरक्षा कवच–ओजोन-लेयर में छेद हो गया है। इस प्राकृतिक असंतुलन के कारण हमें असमय वर्षा, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, सरदी-गरमी की ऋतुओं में भारी बदलाव आदि का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं इससे ध्रुवों पर जमी बरफ़ पिघलने लगी है जो पृथ्वी पर रहने वाले समस्त प्राणियों के लिए एक गंभीर चुनौती के अलावा कुछ नहीं।

**46. कथन (A) व कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–**

**कथन (A)–** ग्लोबल वॉर्मिंग से पृथ्वी का तापमान निरंतर बढ़ रहा है।

**कारण (R)–** मनुष्य की अवांछित आवश्यकताएँ और स्वार्थपरक मनोवृत्ति के कारण पर्यावरण को भयंकर क्षति पहुँच रही है।

(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
(B) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(D) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

**47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

**कथन (क)** ग्लोबल वॉर्मिंग पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए आवश्यक है।

**(ख)** ग्लोबल वॉर्मिंग का पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

**(ग)** प्राकृतिक असंतुलन का ज़िम्मेदार मनुष्य है।

**(घ)** ओजोन परत जीवन रक्षक है।

**विकल्प–**

(A) (क) और (ग) सही हैं।
(B) (क), (ख) और (ग) सही हैं।
(C) (क) और (घ) सही हैं।
(D) (ख), (ग) और (घ) सही हैं।

**48. 'अतिवृष्टि-अनावृष्टि' किस प्रकार का शब्द-युग्म है?**

(A) श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द-युग्म
(B) तत्सम-तद्भव शब्द-युग्म
(C) देशज-विदेशज शब्द-युग्म
(D) विलोम शब्द-युग्म

**49. कॉलम-1 को कॉलम-2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनिए।**

| कॉलम-1 | कॉलम-2 |
|---|---|
| (क) गुणवाचक विशेषण | *(i)* मेरा, तेरा, आपका |
| (ख) संख्यावाचक विशेषण | *(ii)* मोटी, पीली, मुलायम |
| (ग) परिमाणवाचक विशेषण | *(iii)* थोड़ी, दस किलो, बहुत |
| (घ) सार्वनामिक विशेषण | *(iv)* प्रत्येक, पहली, सब |

**विकल्प–**

(A) (क)-*(i)*, (ख)-*(ii)*, (ग)-*(iv)*, (घ)-*(iii)*
(B) (क)-*(ii)*, (ख)-*(iv)*, (ग)-*(iii)*, (घ)-*(i)*
(C) (क)-*(iii)*, (ख)-*(i)*, (ग)-*(iv)*, (घ)-*(i)*
(D) (क)-*(iv)*, (ख)-*(ii)*, (ग)-*(i)*, (घ)-*(iii)*

**50. तद्धित प्रत्यय का जो संबंध 'मानवता' से है, वही संबंध कृत् प्रत्यय का इनमें से किससे है?**

(A) कमाऊ
(B) लालिमा
(C) चिकनाहट
(D) दुखड़ा

## SPACE FOR ROUGH WORK